Title: Need to set up a student's hostel after the name of Dr. B.R.Ambedkar at Ghaziabad in U.P. for the benefit of SC/ST and backward class students of rural areas -laid.

डा. रमेश चन्द तोमर (हापुड़) : मान्यवर, मेरे संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद में पिछले काफी समय से डा. अम्बेडकर के नाम से एक छात्रावास की मांग क्षेत्र की जनता करती आ रही है। गाजियाबाद में छात्रावास न होने के कारण अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के गरीब छात्र शहर में किराये के मकान में रहने में असमर्थ हैं और प्रतिदिन गांव से शहर आने के लिए बस का भाड़ा नहीं दे सकते। जिसके कारण गांव के अधिकतर छात्र बीच में प्रढ़ाई छोड़ देते हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रतिशत बढ़ नहीं रहा है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि गाजियाबाद में डा. अम्बेडकर छात्रावास की स्थापना करने की कृपा करें।